राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार-2024 - श्री अशोक सेनगुप्ता

श्री अशोक सेनगुप्ता, पीजीटी (कंप्यूटर विज्ञान), पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्र. 1, जलहल्ली, बंगलुरू (कर्नाटक) के अत्यंत कुशल कंप्यूटर विज्ञान शिक्षक हैं, जिन्हें तीन दशकों से अधिक का अनुभव है। उन्होंने मूल्य शिक्षा, आईसीटी प्रशिक्षण और प्रकृति से जुड़ी कई पहलों को बढ़ावा दिया है, जिसमें शिक्षकों को प्रौद्योगिकी के माध्यम से सशक्त बनाना और जैव विविधता सूचना विज्ञान की पहल करना शामिल है। पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनकी निष्ठा, उनके द्वारा तितलियों पर किए गए शोध और जन-जागरूकता अभियानों में स्पष्ट झलकती है। उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए उन्हें के.वि.सं के क्षेत्रीय और राष्ट्रीय प्रोत्साहन पुरस्कारों के साथ-साथ ग्रीन टीचर अवार्ड से भी सम्मानित किया गया है। वर्ष 2024 में शिक्षा और राष्ट्र निर्माण में उनके अद्वितीय योगदान के लिए उन्हें भारत की महामहिम राष्ट्रपति द्वारा राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया।